सीएम भजनलाल शर्मा की ओर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने पुष्प चक्र अर्पित किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सांसद संतोष अहलावत, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा व एसपी शरद चौधरी, विधायक श्रवण कुमार, सरपंच मंजू तंवर, पूर्व विधायक जेपी चंदेलिया, पूर्व चेयरमैन हीरालाल, जिला व्यापार संघ अध्यक्ष सेवाराम गुप्ता, छैलूराम भड़िया, मंजीत तंवर पीओ ममता यादव, कर्नल बलराज पूनियां, नायब सूबेदार विक्रम सिंह शेखावत, सैनिक कल्याण बोर्ड

सेना के अधिकारियों व कलेक्टर ने बेटियों तथा पुत्र को शहीद की सेना की ड्रेस तथा तिरंगा भेंट किया।

ऑफिसर झुंझुनूं कर्नल सुरेश जांगिड़, वेलफेयर ऑफिसर चिड़ावा जयकरण डांगी ने पुष्पचक्र अर्पित किए और कहा कि परिवार के साथ पूरा प्रशासन खड़ा है। सभी पैकेज परिवार को दिलवाए जाएंगे। भाजपा की प्रदेश महामंत्री पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने भी श्रद्धासुमन अर्पित कर सरकार की तरफ से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बेटी नैंसी और खुशी ने अपने पिता की शहादत पर गर्व होने की बात कही। वहीं 10 साल के बेटे राज्यवर्धन ने मुखाग्नि दी। गांव में गमगीन माहौल रहा।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि विनोद सिंह की शहादत पर सभी को गर्व है। सेना से आए अधिकारियों व जिला कलेक्टर ने दोनों बेटियों तथा पुत्र को शहीद की सेना की ड्रेस तथा तिरंगा भेंट किया गया। इससे पहले जब पार्थिव देह पहुंची और वीरांगना सुमन कंवर को अंतिम दर्शन के लिए लाया गया तो वीरांगना सुमन कंवर पार्थिव देह के लिपट गई। यह देखकर सभी लोग भावुक हो गए। वहीं बेटियां भी जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से लिपटकर अपने पिता को वापिस लाने के लिए रोते-रोते चिल्ला पड़ी। सेना से आए अधिकारियों ने बताया कि 23 नवंबर को रात 11:40 बजे सर्विलांस ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ी थी। उन्हें इम्फाल (मणिपुर) स्थित शिजा हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट ले जाया गया था। वहां रात करीब 2:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली थी।

- **सीएम भजनलाल शर्मा की ओर जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने पुष्प चक्र अर्पित किया**

शहीद विनोद सिंह शेखावत की पार्थिव देह पहुंचने पर चिड़ावा-लोहारू बाईपास स्थित काजड़ा चुंगी नाका पर बड़ी संख्या में युवा शहीद की अगवानी के लिए जुटे। बाइकों से तिरंगा यात्रा निकाली गई। काजड़ा के विनोद सिंह पुत्र जगमाल सिंह 2004 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वे सेना की इन्फैंट्री बटालियन 2 महार रेजिमेंट में हवलदार के पद पर तैनात थे। जवान विनोद सिंह के चार भाई हैं। उनके एक बेटा और दो बेटी हैं। पत्नी सुमन कंवर बच्चों की पढ़ाई के कारण जयपुर में रहती हैं। शहीद विनोद सिंह शेखावत की बड़ी बेटी नैंसी 11वीं, छोटी बेटी खुशी 9वीं और बेटा राज्यवर्धन सिंह शेखावत छठी कक्षा में पढ़ता है। नैंसी ने काजड़ा से 10वीं कक्षा पास की थी, जिसके बाद जुलाई में तीनों बच्चे आगे की पढ़ाई के लिए जयपुर शिफ्ट हो गए थे। उनके साथ विनोद की पत्नी सुमन कंवर भी जयपुर ही शिफ्ट हो गई। शहीद के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। गांव में विनोद सिंह के 4 भाई अपने परिवारों के साथ रहते थे।

संक्षिप्त

संविधान दिवस पर दिलाई शपथ

निवाई। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव दिनेशकुमार जालूथरिया के निर्देशानुसार तालुका सेवा समिति निवाई द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई व पहाड़ी में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधिक जागरूक शिविर का आयोजन कर संविधान का उद्देश्य, संविधान का महत्व, संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों व मूल कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं को संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी दिलाई गई। इसी प्रकार गांव पहाड़ी में विधिक जागरूक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें संविधान का उद्देश्य, मूल अधिकार, मूल कर्तव्य व संविधान का महत्व बताया गया। इस दौरान 25 लाभान्वित उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

राजगढ़। मंडावर मार्ग पर झाकड़ा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बाइक सवार युवक पिनान मार्ग से गांव बीदरका लक्ष्मणगढ़ जा रहा था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिदरका गांव निवासी सीताराम गुर्जर ने दर्ज कराया कि उसका छोटा भाई मुकेश 39 वर्ष पुत्र हरि नारायण गुर्जर सोमवार रात्रि को पिनान होकर अपने गांव लौट रहा था। जिसकी बाइक को झाकड़ा ग्राम के पास अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके भाई मुकेश गुर्जर की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा कर लाश परिजनों को सौंप दी

गोदाम निर्माण कार्य का शुभारंभ

दूदू । जिला मुख्यालय के भोजपुर रोड स्थित संचालित मंशापूर्ण बालाजी गौशाला में गायों के लिए चार गोदाम निर्माण कार्य का शुभारंभ भामाशाह द्वारा शुरू किया गया। गौशाला में सूखे चारे के भंडारण के व्यवस्था नहीं थी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था समस्या के समाधान के लिए भामाशाहों के सहयोग से निर्माण कार्य शुरू किया एवं भूमिका होगी

दिव्यांगजनों को सम्बल प्रदान करने के लिए शिविर आज

निवाई। पंचायत समिति सभागार में बुधवार को दिव्यांगजनों को सम्बल प्रदान करने हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया ने बताया कि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व उपकरण से लाभान्वित किए जाने हेतु पंचायत समिति मुख्यालय पर सुबह 10 से सांय 5 बजे तक चिन्हिकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को लाभान्वित करने के लिए सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्षद, सरपंच ग्राम विकास अधिकारी, हल्का पटवारी, एएनएम व आंगनबाडी कार्यकर्ता लोगों को शिविर तक आने के लिए प्रेरित करेंगे।

संविधान दिवस मनाया

निवाई। राजकीय महाविद्यालय व कन्या महाविद्यालय निवाई में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना व मतदाता जागरूकता क्लब के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस दौरान रूपा चौधरी ने संविधान की उद्देशिका का पठन किया।इसके पश्चात अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की कार्यकर्ता अनुपमा तिवारी ने संविधान विषय की वर्तमान प्रासंगिकता विषय पर लघु फिल्म, पोस्टर प्रदर्शनी व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रीति ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ सीएल मीना सहित सभी संकाय सदस्य मौजूद थे।

प्रदेश महासचिव बनने पर खुशी की लहर फैली

मनोहरपर। दलित ओबीसी माइनॉरिटीज एंव आदिवासी संगठनो का परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज ने कर्तव्यनिष्ठ परिश्रमी ईमानदार दयालू सब के सुख दुख में काम आने वाले सबको साथ लेकर चलने वाले कांग्रेस के संगठन की नीति और नीति को बता कर अधिक से अधिक कांग्रेस में शामिल करने वाले मोहम्मद अयूब को प्रदेश का महासचिव नियुक्त किया है।

संविधान दिवस पर हुई संगोष्ठी, प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

दौसा। संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को सूचना केन्द्र में संगोष्ठी, प्रदर्शनी और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने भारतीय संविधान को जीवंत दस्तावेज बताते हुए कहा कि संविधान प्रत्येक देशवासी को सशक्त बनाता है। उन्होंने मौलिक अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ मूल कर्तव्यों का पालन कर देश के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया। इससे पूर्व अतिथियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीणा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- अतिथियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

अतिरिक्त जिला कलेक्टर लालसोट मनमोहन मीणा ने अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि किस तरह संविधान सभा द्वारा संविधान तैयार किया गया। संविधान की विशेषताओं और उद्देश्य को भी रेखांकित करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक देशवासी को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों एवं उपस्थित आम जन को मतदाता शपथ भी दिलाई। सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक निदेशक सोहनलाल ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि किस तरह भारतीय संविधान हमें सशक्त बनाता है। संविधान में जिन अनुच्छेदों और सूचियों का उल्लेख किया गया है, वह प्रत्येक देशवासी के जीवन में उपयोगी वक्ता एवं उद्घोषक प्राचार्य कमला शर्मा ने कहा कि हमारा संविधान हस्तलिखित होने के साथ-साथ कठोर और लचीला भी है।इसमें सभी वर्गों और धर्मों का समावेश करते हुए सभी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने आह्वान किया कि भारतीय संविधान में दर्शाये गये अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी भारतवासी जागरूक रहे।

उन्होंने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन करवाया। जिला स्वीप समन्वयक रामवीर चौधरी ने कविताओं के जरिये भारतीय संवधिान की रूपरेखा, उसका महत्व और विशेषताओं का उल्लेख करते हुए बताया कि किस तरह से भारतीय संविधान को लिखा गया। उन्होंने नव मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम जुडवाने की अपील की। इस अवसर पर सहायक जनसम्पर्क अधिकरी छगन यादव, सहायक प्रशासनिक अधिकारी संदीप मीणा, अध्यापक कैलाश चंद मीणा, संजय राणा सहित पत्रकारगण, कॉलेज एवं स्कूल के विद्यार्थी व आमजन मौजूद रहे।

भैंस चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

मानपुरा माचेड़ी । चंदवाजी थाना पुलिस ने भैंस चोरी के मामले में दो आरोपियों को जेल से प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया हैं।पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि बालुराम पुत्र लाखाराम गुर्जर निवासी लखेर ने रिपोर्ट दर्ज करवायी थी कि रात्रि को मेरी भैंस व दो पाडी खोल करके कोई ले गया। मेरी गाय के रम्भाने पर मेरे को जाग हो गई। मैने देखा तो मौके पर मेरी भैंस व पाडी नहीं थी। मैंने टार्च से देखा तो एक भैस को पिकअप में लेकर भाग गये व दो पाड़ी छोड गये। आरोपियों की गिरफ्तारी व भैंस बरामद हेतु थानाधिकारी सुगन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर सूचना एकत्र कर व तकनीकी सहायता द्वारा प्रकरण में आरोपी कमलेश बावरिया व राजेश उर्फ गुल्ला बावरिया वांछित होना पाए गए जो वर्तमान में जेल में बंद थे।

संविधान दिवस पर लोगों को जानकारी दी

सांभरझील, (निसं)। भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर संविधान दिवस कार्यक्रम मनाया गया। पूर्व प्राचार्य डा. ज्ञान प्रकाश दायमा के सानिध्य में संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को श्रद्धा सुमन मौजूद लोगों ने अर्पित किए। अंबेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भारत के संविधान पर सागर्वित जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में भारतीय संविधान में कुल 395 अनुच्छेद, 25 भाग और 12 अनुसूचियां हैं। भारतीय संविधान में विभिन्न राजनीतिक दर्शन, नागरिकों के मूल अधिकार, नागरिकों के मूल कर्तव्य के अलावा विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का विभाजन इत्यादि अनेक प्रावधानों को शामिल किया गया है।

संविधान दिवस पर बाबासाहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

भारतीय संविधान 22 भागों में विभजित है तथा इसमे 395 अनुच्छेद एवं 12 अनुसूचियाँ हैं। भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने और उसे अंतिम रूप देने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन लगे थे। भारतीय संविधान सभा की प्रथम बैठक वर्ष 1946 में 9 दिसंबर को हुई थी। संविधान बनाने में कुल 64 लाख रुपये खर्च हुए थे। एडवोकेट अखिलेश दायमा ने भी संविधान पर लोगों को जानकारी दी।

नए संशोधन के बारे में भी बताया। अंबेडकर चेतना समिति समिति के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर डॉ.ज्ञान प्रकाश दायमा द्वारा संविधान की प्रस्तावना का भी वाचन कर संविधान की निष्ठा पूर्वक पालन करने की शपथ दिलवायी गई। समिति अध्यक्ष विनोद दुलारिया द्वारा भारतीय संविधान को सबसे पवित्र ग्रंथ बताया तथा संविधान का निष्ठा पूर्वक पालन करने का आव्हान किया।

विद्यार्थियों को किया जागरूक

निवाई। पीएम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में कैरियर गाइडेंस और साइंस मैथ्स क्लब गतिविधि का आयोजन किया गया। प्राचार्या देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि साइंस मैथ्स क्लब गतिविधि विषय पर विशेषज्ञों की वार्ता का भी आयोजन किया गया जिसमें लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब के एसिस्टेंट डीन डॉ. पुनीत मंगला, कंप्यूटर एप्लीकेशन विशेषज्ञ शिवकुमार शर्मा व निखिल सोगानी ने चर्चा की। शाला में वार्ताकार के रूप में मोहरपाल गुर्जर, विनोद कुमार जैन व त्रिलोक चंद जैन ने भी अपनी वार्ता रखी।

सभी वार्ताकारों ने विद्यार्थियों की रुचि अनुसार अपना कैरियर चुनने की सलाह दी। प्रधानाचार्य देवेंद्रपाल सिंह ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि सभी को अपने लक्ष्य का निर्धारण करते हुए उसे पाने तक कठिन परिश्रम करते रहना चाहिए।

'युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति देश एवं समाज के लिये घातक है'

कोटपूतली। जिला नार्को कोऑर्डिनेशन सैंटर की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत की संयुक्त अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृति देश एवं मानव समाज के लिये घातक है। इस नशे की प्रवृति पर अंकुश लगाने के लिये विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वाद-विवाद, पोस्टर, चित्रकला, निबंध जैसी प्रतियोगिताओं तथा प्रभात फेरी के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ इस प्रकार के नशे की सामग्री के रैकेट चलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की आवश्यकता है। इसी प्रकार बोर्डर, राज्य के नाकों से आने वाले वाहनों पर भी सघन जांच की कार्यवाही की जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ बसों एवं ट्रेनों में भी सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही संबंधित विभागों द्वारा आपसी तालमेल से की जायें। वहीं जो व्यक्ति नशे का आदी हो और नशे की प्रवृति से छुटकारा पाना चाहते है उनके लिये विशेष रूप से नशा मुक्ति केन्द्र का संचालन भी किया जाये। जिला कलक्टर कल्पना ने सीएमएचओ से कहा कि वह एक डीओ लेटर तैयार करवाकर चिकित्सा विभाग में प्रेषित करें। जिसमें जयपुर तथा अलवर के ड्रग कंट्रोलर के अधिकारियों की साप्ताहिक ड्यूटी जिला मुख्यालय पर देने के लिए निर्देशित किया जायें तथा ड्रग कंट्रोलर द्वारा अब तक की गई कार्यवाही से अवगत कराने के बारे में सीएमएचओ से कहा। जिला पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे की प्रवृति से बचाना एवं एनडीपीएस के मामलों में कमी लाना है। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे इस संबंध में खुफिया जानकारी पुलिस से साझा करें।

- जिला नार्को कोऑर्डिनेशन सैंटर की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित

कलक्टर ने नार्को कोऑर्डिनेशन सैंटर की कमेटी की बैठक ली।

पुलिस विभाग एनडीपीएस सामग्री के सीजर की कार्यवाही करने के साथ-साथ इस प्रकार के रैकेट चलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्यवाही करेगी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा सूचना मिलने पर एनडीपीएस के प्रकरण दर्ज कर उन पर कार्यवाही की है।

'देश का भविष्य, संविधान के पन्नो में होता है'

अलवर। जिला कांग्रेस कमेटी अलवर की ओर से संविधान दिवस पर अम्बेडकर नगर स्थित नवनिर्मित पार्टी कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कांग्रेसजनो को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि किसी भी देश का अतीत, इतिहास के पन्नो में होता है और देश का भविष्य, संविधान के पन्नो में होता है। संविधान की स्थापना का मूल उद्देश्य नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार मिले, समाज में अंत्योदय हो, अंतिम पंक्ति में बैठे दलित,गरीब, शोषित और पीड़ित व्यक्तिका उद्धार हो। उन्होंने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस हमेशा संविधान में निहित मूल्यां के लिए खड़ी रही है।

पिछले एक दशक में, हमने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा संविधान की नींव को कमजोर करने और सामाजिक न्याय, समानता और लोकतंत्र के प्रति इसकी प्रतिबध्दता को कम करने के व्यवस्थित प्रयासों को देखा है। जिलाध्यक्ष मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी के 26 नवम्बर, 2024 से 26 जनवरी, 2025 तक संविधान की रक्षा और इसके सिद्धांतों के प्रति पार्टी के समर्पण पर जोर देने के लिए 60 दिवसीय संविधान रक्षक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत भी की। इस अभियान को जनता तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए जिले के सभी प्रमुख कांग्रेसजनों को संगठित होकर रैलियां, घर-घर जाकर सम्पर्क करने, मीडिया से जुडऩे और जमीनी स्तर पर चर्चाओं के माध्यम से लोगों के साथ जोडऩा है।

अंत में पूर्व विधायक श्रीराम मीणा, उमरैण ब्लॉक के पूर्व अध्यक्ष श्री लालजी यादव एवं 26/11 मुंबई आतंकी हमले के शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, अजीत यादव, गफूर खान, इम्तियाज,फूलचंद शर्मा, रिपु दमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जे.डी. आर्यन, हरिशंकर रावत, जीत कौर सांगवान, लीली यादव,डॉ. पायल चौधरी, राजेश कृष्ण सिद्ध, अनवर साजिद खान, रमन सैनी, विक्रम यादव, राजेश विरमानी, कृष्ण कुमार खंडेलवाल,राजेश सैनी, संजय शुक्ला, सोनू गोपालिया, के.सी.मीणा, सुंदर पटेल, बी.डी.गुप्ता, योगेश शर्मा, नंद किशोर वर्मा, जमशेद खान, दिनेश जाटव, स्वराज सिंह, मनीष कोली, सरबजीत सिंह, चतुर्भुज यदुवंशी, प्रेम सिंह मीणा, राधेश्याम मीणा, संदीप सैनी, हुकुम सिंह, राकेश शर्मा, सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद थे।

मण्डल रेल प्रबन्धक विकास पुरवार ने फुलेरा जंक्शन का किया निरीक्षण

फुलेरा । जयपुर मण्डल रेल प्रबन्धक मण्डल विकास पुरवार ने मंगलवार को दोपहर 2 बजे रेल अधिकारियों के साथ फुलेरा स्टेशन पर करीब 34 करोड़ की लागत से चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रनिंग रूम रेलवे इको पार्क, सामुदायिक भवन सहित निर्माणाधीन बिल्डिंग का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दियेवहीं दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा के अध्यक्ष अशोक वासदेव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक लिखित मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें मुख्य रूप से मांग की गई कि जयपुर-भोपाल, भोपाल जयपुर ट्रेन 19711,19712 यह ट्रेन रेल प्रशासन द्वारा आगामी 29 नवम्बर से कनकपुरा स्टेशन से चलने का प्रस्ताव लिया गया है। वहीं मांग पत्र में आगे बताया कि प्रतिदिन काफी संख्या में दैनिक रेल यात्री इस ट्रेन में ही यात्रा करते है।

- शिष्ट मण्डल ने विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपे

प्रबन्धक मण्डल पुरवार ने डीआरएम को मांग पत्र सौंपते हुए ।

जो कि प्रशासन द्वारा इस ट्रेन को करीब डेढ़ महीने तक कनकपुरा रेलवे स्टेशन से संचालित करने का प्रस्ताव है। इसके चलते संघ द्वारा मांग की गई कि इस ट्रेन को इस दौरान जयपुर स्टेशन या खातीपुरा रेलवे स्टेशन से चलाया जाये। वहीं आगे मांग की गई कि अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर जो कार्य चल रहा है वह काफी धीमी चल रहा है। जिससे रेलवे स्टेशन पर आने जाने वाले दैनिक रेल यत्रियों व आम यात्रियों को काफी समस्याओं सामना करना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में रेल मण्डल प्रबन्धक से मांग की गई कि उक्त कार्य को जल्दी पूर्ण करवाया जाये। इसी क्रम में मांग पत्र में बताया कि अजमेरी गेट स्थित गेट नम्बर एलसी 1पर प्रशासन द्वारा अण्डरपास का निर्माण कार्य शुरू किया गया था। परन्तु काफी समय से वह बन्द किया जा चुका है। इस सम्बन्ध संघ द्वारा इसे पुन: चालू करने की मांग की गई। जिस पर डीआरएम द्वारा बताया गया अण्डरपास के तहत कुछ समस्याएं आ रही थी। इसके लिए मीटिंग हो चुकी है।

इस अवसर पर सीनियर डीएसटीई किशन स्वरूप, एडीआरएम संजीव दीक्षित, सीनियर डीईई शिवराज, सीएलआई लोकेन्द्र सिंह, सीनियर डीएमई अरुण कुमार, सीनियर डीएन महेश कुमार मीणा, सीनियर डीसीएम के.के मीणा, एडीएसो राधामोहन, स्टेशन अधीक्षक सतीश कुमार, रेलवे सुरक्षा बल निरीक्षक राजेश सिंह, जीआरपी थाना प्रभारी गुलजारी लाल सहित प्रतिनिधि मण्डल में अध्यक्ष अशोक वासदेव, जेडआर यू सी सी मेम्बर भारत भूषण शर्मा, संरक्षक शक्ति सिंह, मनीष गगरानी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

संविधान दिवस मनाया

चाकसू। स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय चाकसू में आज संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के अंतर्गत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया, जिसमें प्रथम स्थान पर कोमल यादव तृतीय वर्ष रही और लक्ष्मी कंवर प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर रही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एल कुलहरी ने विजयी छात्राओं को कलम देकर सम्मानित किया। संविधान दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एल कुलहरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को स्वतंत्र भारत में 284 सदस्यों वाली संविधान सभा के द्वारा तैयार नवीन संविधान को अंगीकार कर राष्ट्र को समर्पित किया गया। भारत सरकार द्वारा 26 नवंबर 2015 को संविधान निर्माण के मुख्य शिल्पी और संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबासाहेब भीमराव रामजी अंबेडकर के योगदान की स्मृति में संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।संविधान दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य भारत के नागरिकों को संविधान के प्रति सचेत करना एवं समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करना है।

सार-समाचार

हथियार से फायरिंग कर सोशल मीडिया पर वीडियो रील डालना पड़ा भारी

पावटा। दो बाइको पर चार लड़को का हथियार से फायरिंग कर आम लोगो मे भय व्यापत करना एक युवक को महंगा पड़ गया। युवक ने फायरिंग करते हुए अपना वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया था। इसकी सूचना मिली तो प्रागपुरा थाना पुलिस ने मंगलवार को युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड राजन दुष्यंत ने बताया कि जिले मे हथियार रखने वालो व सोशल मीडिया पर हथियार सहित रील अपलोड करने वालो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के निर्देशन एंव वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व मे थाना प्रागपुरा पर गठित टीम द्वारा हथियार रखने वालो व सोशल मीडिया पर हथियार सहित रील अपलोड करने वाले बदमाशो को चिंहित कर कार्यवाही करने के लिए सतत निगरानी रखते हुए उनकी गतिविधियों पर नज़र रखते हुए अमित सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी दय राम सिंह की ढाणी तन बेरी का अपने साथियों के साथ बाइक पर फायरिंग करते हुए वीडियो वायरल हो रहा था। जिस संबंध मे कांस्टेबल रितेश कुमार द्वारा तथ्य व साक्ष्य एकत्रित करते हुए तहरीर पेश की जिस पर मामला पंजिबद्ध कर अमित सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी दयराम सिंह की ढाणी तन बेरी को गिरफ्तार किया किया गया। घटना का विवरण बताते हुए प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि कांस्टेबल रितेश अपने मोबाइल पर व्हाट्सएप मैसेज चेक कर रहा था तभी व्हाट्सएप पर एक मुखबिर खास द्वारा कांस्टेबल रितेश के मोबाइल पर इंस्टाग्राम आईडी का एक वायरल वीडियो व एक फोटो भेजा व बताया कि उक्त विडियो फोटो अमित सिंह पुत्र अशोक सिंह निवासी दयराम सिंह की ढाणी तन बेरी बांध का है। ज्यों हथियार सहित फायरिंग कर रहा है। इस विडियो को खोलकर देखा गया तो दो बाइको पर चार लड़के का फिल्मी अंदाज में हथियार से फायरिंग करते हुए जा रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि यह वीडियो अमित सिंह पुत्र अशोक सिंह का है ज्यों अन्य जानकारी के साथ बाइक पर बैठे हैं व आम लोगों में भय व्याप्त करने के लिए व उसके जान कार बदमाशो के हथियार विक्रय करवाने के लिए अपनी खुद की आईडी से सोशल मीडिया पर वायरल कर आगे से आगे प्रसारित करवा रहा है। जिस पर प्रार्थना थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

सफाई कर्मचारियों में रोष व्याप्त

मनोहरपुर । शहर की नगर पालिका में कार्यरत सफाई ठेकेदार को पिछले 4 माह से बकाया भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसके चलते सफाई कर्मचारियों को वेतन मिलना बंद हो गया है। जिससे सफाई कर्मचारियों वह एक बार फिर से हड़ताल पर लौट सकते है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार शर्मा का स्थानांतरण होने के बाद तहसीलदार नीलम राज को नगर पालिका का कार्यकाल सोपा गया था। तहसीलदार ने पदभार ग्रहण कर लिया था उसने बताया कि दीपावली की सजावट दीपावली पर उसके द्वारा की गई सजावट की बिलों का भी भुगतान नहीं किया गया। इसको लेकर बिलों के भुगतान के संबंध में जब भी तहसीलदार से बात की जाती है वह वह बिलों का भुगतान करने के लिए असमर्थता जताते हैं।सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से उन्होंने ठेकेदार को कार्य का बहिष्कार कर धरना देने की चेतावनी भी दी है।

सांस्कृतिक व देश भक्ति कार्यक्रम हुआ

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रामसिंहपुरा रोड़ स्थित उप कारागृह में मंगलवार को सामाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा द्वारा सांस्कृतिक व देश भक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। जेलर प्रेमप्रकाश मीणा ने निर्दोष लोगों पर फायरिंग करने वाले पाकिस्तान के आतंकवादियों की कड़े शब्दों में निंदा की। लक्ष्मीनारायण व उनकी टीम ने देश भक्ति गीतों व भजन की प्रस्तुति से जेल परिसर को देश भक्तिमय बना दिया। सामाजिक कार्यकर्ता शर्मा ने कैदियों को भारतीय संविधान दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर सभी बदीयों को संविधान को साक्षी मानकर प्रतिज्ञा दिलाई कि भविष्य में ऐसा कोई गलत कार्य नहीं करेंगे जो हमको इसी जगह पर आना पड़े। जिससे परिवार व समाज में हमारा नाम कलंकित हो। इस दौरान सतीश शर्मा, डॉ. सुरेंद्र कुमार, उपेंद्र, महिपाल, विष्णु, मनोज समेत अन्य मौजूद रहे।

गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया

सावरदा। श्री राधा कृष्ण गौशाला में गाय को खिलाया गुड, कस्बे के नरेना रोड पर स्थित श्री राधा कृष्ण गौशाला मे मंगलवार को गौशाला मे महेंद्र दाधीच ने अपनी माताजी सावित्री देवी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया। साथ ही गौशाला में गौ सेवा के लिए 21 हजार रूपए का सहयोग किया। इस दौरान पं. दुर्गादत्त शर्मा ने बताया कि मानव जीवन मे गौ सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। भामाशाह को गौ सेवा मे विभिन्न घोषणा के लिए बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए। दौरान श्योनारायण रियाड, छोटू कुमावत, सत्य नरायण, दिनेश शर्मा आदि मौजूद थे।

राधा वल्लभ मिश्रा प्रदेश सचिव बने

सांभरझील । अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवचरण शर्मा की अभिशंसा और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पद्माकर द्विवेदी के अनुमोदन के पश्चात समाजसेवी व एडवोकेट राधावल्लभ मिश्रा को प्रदेश सचिव पद पर नियुक्त किया गया है राष्ट्रीय सचिव संतोष तिवारी ने मिश्र को भेजें अपने संदेश में कहा कि आपकी विद्वता वह अनेक क्षेत्रों में दिए गए योगदान के लंबे अनुभव और सब को साथ लेकर चलने की योग्यता से संगठन को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी। एडवोकेट राधा वल्लभ मिश्रा की नियुक्ति पर कुलदीप मिश्रा, प्रीतम जोशी, व्याख्याता मनोज मिश्रा, दीपक कुमार , पत्रकार महेंद्र पारीक ,चंद्रशेखर शर्मा, वेध कैलाश चंद्र मिश्र, विनोद कुमार गौड़, सुरेश खंडेलवाल, ओमप्रकाश पाराशर आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की

संविधान दिवस मनाया

गोविंदगढ़ /अलवर । कस्बे के राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में 75 वे संविधान दिवस के अवसर पर अवसर पर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट जज नीतू गुप्ता ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई प्राचार्य प्रोफेसर लक्ष्मीकांत शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय विधि दिवस के उपलक्ष में राजकीय महाविद्यालय गोविंदगढ़ में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया । इस अवसर पर नालसा द्वारा नागरिकों की मुफ्त सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 15100 जारी किया गया कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण मीणा, श्रीकांत पाठक राजेश कुमार शर्मा पूरणमल शर्मा तथा तालुका विधिक सेवा समिति के पी एल वी अनिल कुमार, नजीर संजय माथुर उपस्थित रहे ।

ट्रेलर ने खड़ी पिकअप को टक्कर मारी

बौंली-बामनवास। क्षेत्र से गुजर रहे 8 लाइन दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे पर हिंदूपुरा गांव के पास मंगलवार को सुबह एक अनियंत्रित ट्रेलर ने रोड सेफ्टी पिकअप वाहन को टक्कर मार दी इस सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सुबह दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे पर रोड सेफ्टी पिकअप देख-रेख करने को साइड में खड़ी थी इसी दौरान एक अनियंत्रित ट्रेलर आया व पिकअप को टक्कर मार दी।

संक्षिप्त

अवैध बजरी से भरा हुआ एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

निवाई। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरा हुआ एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किया है। थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान गांव जामडोली के समीप से अवैध बजरी से भरे हुए एक ट्रक्टर-ट्रॉली को जब्त करके सुरक्षार्थ बरोनी थाना प्ररिसर में खड़ा करवा दिया है। उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली के बारे में खनिज विभाग को सूचना दे दी है।

विद्यालय में संविधान दिवस मनाया

सावरदा । मौजमाबाद पंचायत समिति के अखैपुरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के महेशपुरा में स्थित राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय म सोमवार कों संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी विजय लाल चलावरिया ने संविधान की महत्ता ,विशेषता प्रतिपादित की तथा विद्यार्थियों के समक्ष संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई , तथा संविधान का महत्व बच्चों को बताया। इस अवसर पर संस्था प्रधान राजेंद्र कुमार धोबी, शिक्षक राजेंद्र कुमार शर्मा, समुद्रपुरी गोस्वामी ,विजय लाल चलावारिया, राजेंद्र कुमावत ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ब्रह्मा देवी व सहायिका भी उपस्थित रही ।अंत में संस्था प्रधान ने सबका आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापन किया तथा संविधान की गरिमा रखना बनाए रखने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। गोष्टी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने स्वतंत्रता आंदोलन में शहिद क्रांतिकारीयो और डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि कहा कि संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को मान सम्मान अधिकारों को संरक्षित करता है, समानता न्याय स्वतंत्रता जैसे मूल्यों के साथ देश में रहना सीखना है। उन्होंने कहा कि देश की एकता अखंडता और समानता का प्रतीक संविधान है, ये करोड़ों भारतीयों का सुरक्षा कवच है, जो उन्हें हर तरह के अधिकार देता है। संगोष्ठी को संगठन महासचिव जिला दिनेश चौरसिया ने कहा कि हमारा संविधान संघर्ष और अस्तित्व की पहचान है। इस अवसर पर शिवजी राम मीणा, रामलाल संडीला ब्लॉक अध्यक्ष, कैलाशी देवी मीणा, सलीमुद्दीन खान, धर्मेंद्र सालोदिया, सीपी श्रीवास्तव, अब्दुल खालिक, सेवादल, मनिंदर बैरवा, मूलचंद बैरवा आदि लोगोंइस अवसर पर अपने विचार रखें।

शादी में एक रुपया व नारियल लेकर मिसाल कायम की

शाहपुरा। शाहपुरा शहर के छापुड़ा खुर्द की ढाणी कांकड़ा वाली में राम सिंह टोकस ने अपने बच्चों की शादी में एक रुपया व नारियल लेकर लेकर समाज में एक मिसाल पेश की। शादी में लड़की पक्ष वाले सीताराम, प्रहलाद बोबासया ने बारात की बहुत अच्छे से खातिर कर स्वागत किया।

भामाशाह सम्मान समारोह होगा लावा में

पीपलू। जांगिड़ ब्राह्मण समाज का अतिथि व भामाशाह सम्मान समारोह रविवार को जंगजितेश्वर महादेव मंदिर पार्क लावा मे आयोजित होगा। जिला मिडिया प्रभारी कृष्णकुमार जांगिड़ पीपलू व मनीष बहकवा ने बताया कि लावा में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के जीर्णोद्धार मे सहयोग दे रहे भामाशाहों का सम्मान समारोह बड़ी धूमधाम से किया जाएगा।मंगलवार को मन्दिर समिति के कार्यकर्ता रानोली पहुंचकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष व पीपलू तहसील अध्यक्ष एडवोकेट हनुमानप्रसाद जांगिड, कार्यकारी जिलाध्यक्ष महेश जांगिड को कार्यकारणी के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर सफल बनाने को लेकर आमंत्रित किया। इस दौरान मन्दिर समिति अध्यक्ष अवधेश, कोषाध्यक्ष गौरीशंकर, महामन्त्री सत्यनारायण, सुमित शर्मा, राकेश व लोकेश सहित कई समाज बंधु मौजूद थे।

संविधान दिवस मनाया

चाकसू। राजकीय महाविद्यालय चाकसू में सोमवार को संविधान दिवस मनाया गया जिसके अंतर्गत प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, संविधान की प्रस्तावना शपथ एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. सुनीता मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसका संचालन डॉ. मोहन लाल दायमा, श्री गोकुल चन्द मीना ने क्रिया तथा सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

भारतीय संविधान हमें केवल सशक्त नहीं बल्कि जागरुक बनाता है : कलेक्टर

खैरथल। खैरथल तिजारा जिला मुख्यालय पर पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर प्रदर्शनी संगोष्ठी प्रश्नोत्तरी सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर किशोर कुमार सहित अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलित कर व डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

- संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने भारतीय संविधान को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा कि संविधान प्रत्येक देशवासी को सशक्त बनाने के साथ-साथ जागरूक भी करता है। भारतीय संविधान पर विस्तृत प्रकाश डाला और किस तरह संविधान सभा द्वारा संविधान तैयार किया गया।

संविधान की विशेषताओं और उद्देश्य को जिला कलेक्टर ने रेखांकित करते हुए आ ान किया कि प्रत्येक

संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते जिला कलेक्टर किशोर कुमार

देशवासी को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा हस्तलिखित संविधान होने के साथ-साथ कठोर और लचीला भी है। इसमें सभी वर्गों और धर्मों का समावेश करते हुए सभी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता के पश्चात संविधान सभा द्वारा संविधान तैयार करने की कार्यवाही शुरू की गई। इसमें सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व लिया गया। सभी की भावनाओं का ध्यान रखते हुए संविधान तैयार किया गया है। उन्होंने आव्हान किया कि भारतीय संविधान में दर्शाये गये अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहे तथा मूल कर्तव्यों को अपने जीवन में अपनाएं।

एडीएम शिवपाल जाट ने सभी को संविधान दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बताया कि किस तरह भारतीय संविधान हमें सशक्त बनाता है। संविधान में जिन अनुच्छेदों और सूचियों का उल्लेख किया गया है, वह प्रत्येक देशवासी के जीवन में उपयोगी है। शिक्षा के साथ-साथ रोजगार प्राप्ति और जीवनयापन में भी भारतीय संविधान की महत्ता और उपयोगिता सदैव बनी रहेगी। इस दौरान संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। संगोष्ठी में वरिष्ठ अध्यापक अभिषेक कौशिक एवं विद्यार्थी सुश्री खुशबू द्वारा भारतीय संविधान पर आधारित संबोधन दिया गया। भारतीय संविधान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भारतीय संविधान की उद्देशिका के पाठन एवं राष्ट्रगान से कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच का संचालन वरिष्ठ अध्यापक अभिषेक कौशिक ने किया।

साहित्य साधना सम्मान 2024 से पुरस्कृत

निवाई, देववाणी संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में संलग्न चौगाई की नवोदित युवा प्रतिभा असिस्टेंट प्रोफेसर श्यामसुन्दर पारीक को श्री कल्लाजी वैदिक विश्वविद्यालय निम्बाहेडा में विधानसभा सदस्य व भूतपूर्व केबिनेट मंत्री श्रीचन्द कृपलानी व कुलपति प्रो. तारांशकर पाण्डेय द्वारा राजस्थान के प्रथम श्रीकल्ला राठौड़ युवा साहित्य साधना सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया है। विज्ञान भारती नई दिल्ली द्वारा सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्र वाचन में आर्यभट्ट सम्मान से पुरस्कृत श्याम सुन्दर पारीक वनस्थली विद्यापीठ के संस्कृत, दर्शन एवं वैदिक अध्ययन विभाग में डॉ. भेषराज शर्मा के मार्गदर्शन में प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों पर शोधकार्य कर रहे हैं। इससे पहले भी पारीक भूतपूर्व शिक्षा मंत्री व वर्तमान विधान सभाध्यक्ष अध्यक्ष वासुदेव देवनानी द्वारा पुरस्कृत हो चुके हैं। संस्कृत भाषा और वैदिक संस्कृति के मूलाधार प्राचीन मन्दिर व स्मारकों पर अनुसंधान के क्रम में पारीक ने हाल ही में निवाई के प्राचीन श्री गोपीनाथ मन्दिर पर भी एक लघु शोध पत्र सम्पादित किया हैं। प्रोफेसर श्यामसुन्दर पारीक ने सरल मानक संस्कृत कार्यशाला, संस्कृत प्रतिभा सम्मान, महिला संस्कृत शिक्षा, बालक्रीड़ा पर आधारित संस्कृत शिक्षण, रचनात्मक शिक्षण जैसी अनेक नवाचार रौचक शिक्षण गतिविधियों के माध्यम से देववाणी संस्कृत भाषा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए हैं।

संविधान दिवस पर सेमिनार का आयोजन

बौली-बामनवास। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार 26 नवंबर को संविधान दिवस पर एसडीआर केंद्र जिला न्यायालय परिसर में सेमिनार का आयोजन किया गया। आयोजित सेमिनार की अध्यक्षता पारिवारिक न्यायालय के न्यायाधीश गिरीश कुमार अग्रवाल ने की। सेमिनार में पोक्सो न्यायालय की न्यायाधीश मीनाक्षी जैन एवं विशिष्ट न्यायाधीश एससी एसटी बंसीलाल द्वारा भारत के संविधान में मौलिक अधिकारों व कर्तव्य के संबंध में जानकारी दी।

जिला विधिक सेवा सचिव समीक्षा गौतम ने लोकतांत्रिक सिद्धांतों का सम्मान करना एवं मर्यादा बनाए रखने की प्रेरणा दी। पैनल अधिवक्ता अभय कुमार गुप्ता व दास सिंह ने भारत के संविधान पर अपने विचार रखें। सेमिनार में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशुतोष सिंह आढा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गार्गी चौधरी, विशिष्ट न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राजवीर कौर ने भी संविधान पर अपने विचार व्यक्त किए।

व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने की चोरों को पकड़ने की मांग

किशनगढ़ बास। बीती रात्रि को मेन बाजार की दो प्रमुख दुकानों से अज्ञात चोर नगदी व छुटपुट सामान को उठा ले गए। दोनों ही दुकानों में चोरों ने दुकानों के पीछे से छत पर घुसकर अंदर प्रवेश किया और दुकान के गले में रखी नगदी को चुरा ले गए। दुकानों में चोरी की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर जांच की।

व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी ने बताया की सुबह दुकान मालिक महेश ने फोन पर सूचना दी कि

- किशनगढ़ बास की दो दुकानों में छत से उतर कर घुसे चोर गल्ले से निकाल लें गए नगदी

दुकान के पीछे से बीती रात्रि को चोर घुसकर दुकान से नगदी व समान चोरी करके ले गए। व्यापारियों की सूचना पर व्यापार महासंघ के प्रतिनिधि थानाधिकारी जितेंद्र सिंह शेखावत से मिले और चोरों

चोरी की घटना को लेकर थाना अधिकारी से वार्ता करते प्रतिनिधि।

को पकड़ने कि मांग की।कपड़ा व्यापारी महेश पुत्र स्व सीताराम अग्रवाल ने बताया वह सुबह दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान के अंदर का ऊपर का दरवाजा खुला हुआ है और दुकान का गले में रखे रुपए नहीं है। गले में 1000 से 1200 थे जो चोर चोरी कर ले गए। इसी प्रकार परचून व्यापारी महेश गुप्ता पुत्र रोहताश गुप्ता नुरनगर वालों ने बताया कि दुकान खोलकर देखा तो सामान फैला हुआ मिला और दुकान का दरवाजा पीछे से खुला हुआ था चोर गले में रखें 500 से 700 रुपए ले गए।थाना प्रभारी से मिलने पहुंचे व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी हरमेश खुराना मदनलाल अग्रवाल विनय गोयल उर्फ टीटू जनेश भूटानी प्रभु दयाल सिंधी संतोष अग्रवाल तारा चंद बत्रा सहित व्यापारियों को थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह शेखावत ने आश्वासन दिया कि बाजार में पुलिस गस्त बढाई जाकर चोरों को चिन्हित कर पकड़ा जाएगा।

गौवंश अधिनियम का आरोपी गिरतार

पावटा। प्रागपुरा थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत गौ वंश अधिनियम मे दो साल से फरार चल रहे अभियुक्त को गिरतार किया है। पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड राजन दुष्यंत ने बताया कि जिले मे वांछित अपराधियों की गिरतारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के निर्देशन एंव वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व मे थाना प्रागपुरा पर गठित टीम ने प्रकरण मे दो साल से फरार आरोपी की हर संभावित स्थानो पर सरगर्मी से तलाश करते हुए अपनी सूझबुझ से जानकारी हासिल करते हुए पतालगाया किा आरोपी द्वारा स्कॉर्पियो गाडी पर गलत नंबर प्लेट लगाकर अपराध कारित किया था। स्कॉर्पियो गाडी के चेचिस व इंजन नंबर के आधार पर अभियुक्त अलीश खान पुत्र कल्लू खान उम्र 27 वर्ष निवासी जी-, 238 बोबे योजना पुलिस थाना महावीरन गर कोट शहर को प्रोडक्शन वारंट पर गिरतार किया गया है।

घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) सहायता शिविर आज

कोटपूतली। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार 27 नवम्बर बुधवार को स्थानीय पंचायत समिति में प्रातः 09.30 से सायं 06 बजे तक घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) सहायता शिविर का आयोजन किया जावेगा। जिसके तहत घुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों को आवश्यक दस्तावेजों एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं सहित राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जावेगा। घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के आवश्यक दस्तावेज जैसे वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जाति पहचान पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि बनाने एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए शिविर लगाया जायेगा। शिविर में अधिकारियों को कार्य आवंटित किये गये है। जिनमें

- पंचायत समिति कोटपूतली में प्रातः 09.30 से सायं 06 बजे तक होगा आयोजने

वोटर आईडी कार्य सहायक निर्वाचक अधिकारी तहसीलदार रामधन गुर्जर, आधार कार्ड / जनाधार कार्ड प्रोग्रामर मनोज, राशन कार्ड प्रवर्तन निरीक्षक अमित यादव, जाति प्रमाण पत्र एवं घुमन्तु पहचान प्रमाण पत्र व मूल निवास प्रमाण पत्र तहसीलदार रामधन गुर्जर, स्वास्थ्य- झुग्गी-झोपडियों में रहने का कारण त्वचा संबधी रोग, कुपोषण संबंधित समस्यायें, तत्काल चिकित्सा सहायता नहीं मिलने की समस्याओं को देखते हुये मुख्य दवाईयों के मेडिकल किट की उपलब्धता बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर, उक्त समुदाय के आवासहीन व्यक्तियों को नि:शुक्ल भूमि आवंटन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित भूमि पर आवास की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाना विकास अधिकारी/आयुक्त नगरपरिषद व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजना तथा पालनहार, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन आदि योजनाओं में पात्रता होने पर नियमानुसार जोडना व आवेदनकर्ताओं का पंजीकरण, विभिन्न कार्य व प्रमाण-पत्र जारी करने का रिकॉर्ड निर्धारित प्रपत्र में संधारित करने का कार्य सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग उत्तरादायी होगें। उक्त शिविर के नोडल अधिकारी तहसीलदार कोटपूतली व सहायक नोडल अधिकारी विकास अधिकारी कोटपूतली रहेंगें।

नवलपुरा ने चौमू को 70 रन से हराकर जीत हासिल की

मनोहरपुर । राज नवलपुरा आरपीएल सीजन 4 प्रेजेंट में क्रिकेट एक्सपर्ट का नया चैंपियन बना कल प्रेजेंट बाय आरपीएल सीजन जो की टीम राज नवलपुरा वेयर आदिल खान की संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ था इसका समापन क्रिकेट एक्सपर्ट के डायरेक्टर आदिल खान मुख्य अतिथि रहा। व पंचायत समिति सदस्य बनवारी लाल यादव तथा सीता देवी सरपंच नवलपुरा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का समापन हुआ टीम राज नवलपुरा आईकेएम के कप्तान राज यादव ने ठोस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, राज नवलपुरा ने चोमू को 70 रन से हराकर चैंपियन बना राज नवलपुरा टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 170 रन बनाए जवाब में चोमू टीम 98 रन बनाकर के आउट हो गई नेम सिसोदिया व करण सिंह ने राज नवलपुरा की ओर से अर्धशतकीय पारी खेली आयोजक राज यादव जिला उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा ने सभी अतिथियों का सम्मान किया और इस मौके पर राज यादव ने आदिल खान का विशेष आभार प्रकट किया कि इस टूर्नामेंट में संपूर्ण रूप से प्रमुखता से उन्होंने टूर्नामेंट को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस मौके पर आदिल खान ने युवाओं को खेल के प्रति सटकता से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया व राज यादव के साथ भविष्य में कंधे से कंधे मिलाकर के काम करने का वादा किया इस मौके पर बनवारी लाल यादव ने भी सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया अंत में स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच सीता देवी ने सभी अतिथियों का बार-बार सम्मान प्रकट करते हुए इस टूर्नामेंट में आदिल खान फेंटेसी एक्सपर्ट एचडी ग्रुप वह स्काई बोर्ड एनर्जी ग्रुप ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई साथी श्री श्याम डीजे साउंड के मालिक सुभाष यादव श्री शक्ति टेंट हाउस के मालिक मोहन यादव का भी सम्मान किया।

सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक, 50 सक्रिय सदस्यों के फॉर्म प्रभारी को सौंपें

किशनगढ़ बास। संगठन सदस्यता पर्व अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी किशनगढ़ बास मंडल की बैठक अनाज मंडी स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश वशिष्ठ ने की एवं विशिष्ट अतिथि सदस्यता अभियान के विधानसभा प्रभारी अनूप यादव रहे।

मंडल महामंत्री मनोज मित्तल ने बताया कि सदस्यता अभियान के अंतर्गत किशनगढ़ बास मंडल में बैठक का आयोजन किया गया। किशनगढ़ बास मंडल के 50 सक्रिय सदस्यों के फॉर्म विधानसभा प्रभारी अनूप यादव को सौंपे गए।

बैठक के अंतर्गत सदस्यता अभियान के विधानसभा प्रभारी अनूप यादव ने भाजपा किशनगढ़ बास मंडल के सदस्यों को संबोधित किया एवं किशनगढ़बास मंडल को सदस्यता

प्रभारी को सक्रिय सदस्यता फॉर्म सौंपते भाजपा संगठन पदाधिकारी।

- सदस्यता अभियान में किशनगढ़ बास के प्रथम आने पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई

अभियान में सर्वप्रथम कार्य करने पर बधाई दी। बैठक के बाद संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर पुष्पांजलि की गई और संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा, जिला मंत्री आशा गुप्ता, महामंत्री जय सिंह सरदार, महामंत्री मनोज मित्तल, एसटी मोर्चा अध्यक्ष रामसिंह परमार, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष शिवहरी गुर्जर, ,प्रकाश प्रजापत, जगदीश यादव, मंडल उपाध्यक्ष जसवंत यादव, युवा मोर्चा महामंत्री हीरु हरवानी, सौदान सैनी, कालू राम यादव, सुरेश भेड़ी, गिर्राज गुर्जर ,निहालचंद, एम पी एस रामस्वरूप, विनोद मिश्रा , रामसुगन गुर्जर, युवा मोर्चा अध्यक्ष तेजसिंह सैनी, निरंजन लाल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार-समाचार

टूटी नालियों से परेशान वार्डवासी

पावटा। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा की अनदेखी के कारण पिछले काफी समय से टूटी व चोक पडी नालियों के कारण स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। पावटा कस्बे के अंतर्गत आने वाले सीसी रोड को बने कई साल बीत गए है। इसके कारण सीसी रोड कई जगह से जर्जर हो गई। सडक निर्माण के समय बनाई गई नालियां टूट गई हैं। इस कारण वार्डवासियों व वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। जर्जर रोड और टूटी नालियों को दुरुस्त कराने के लिए क्षेत्रीय लोग कई बार नगरपालिका के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, परंतु अभी तक न तो सीसी रोड का निर्माण कराया गया है और न ही नालियां बनवाई गई हैं। कई जगह नालियां टूटी हुई हैं तो कई जगह गंदगी से नालिया चोक है। जिनसे गंदा पानी सडकों पर बह रहा है। पावटा कस्बे के कई वार्डो मे पालिका द्वारा मिलने वाली सुविधाएं अभी भी नदारद हैं। क्षेत्र की सबसे बडी समस्या नालियों की साफ-सफाई और टूटी नालियों की है। कई महीनों से सफाई न होने के कारण इससे उठने वाली बदबू से वार्ड के लोग परेशान हैं।वार्डवासियों की मानें तो खुद ही नालियों की सफाई करते हैं। इसके अलावा वार्डवासी कई बार टूटी नालियों की सफाई और मरमत की मांग पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से कर चुके हैं, लेकिन कोई सुध नही लेता। आज तक किसी ने भी समस्या को हल करने की कोशिश नहीं की।- उल्लेखनीय है कि नगरपालिका की अनदेखी के कारण कस्बे के लगभग अधिकतर वार्डो में बनी सीसी रोड खस्ता हालत में हैं और नालियां टूटी पडी हैं। वाहनों के आवागमन के कारण नालियां गड्ढे में तब्दील हो गई हैं। नालियां गहरी और चौडी होने के कारण बुजुर्ग और महिलाओं को निकलने में परेशानी हो रही है, वहीं वाहन चालकों की बाइकें नालियों में फंसकर गिर रही हैं। इससे वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं।

ज्ञापन सौंपा

नारायणपुर । उपखंड क्षेत्र के गांव कानपुरा में एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक के साथ 7 दिन पहले हुई लूट की घटना का पुलिस द्वारा आजतक खुलासा नहीं किए जाने पर मंगलवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसीलदार को उपखंड अधिकारी के नाम ज्ञापन देकर शीघ्र लूट की घटना का खुलासा करने की मांग की हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 19 नवंबर को रात 9.20 पर बाइक पर सवार होकर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने एसबीआई ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक नंदूराम सैनी पर चाकू से वार कर 3.17 लाख रुपए की नगदी लूटकर ले गए थे। जिससे लोगों में रोष बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस द्वारा जल्दी ही लूट की घटना का खुलासा नहीं किया गया तो समस्त ई-मित्र संचालक और बैंकिंग क्षेत्र के ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों द्वारा कार्य बहिष्कार कर ग्रामीणों के साथ 28 नवंबर को पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर कानपुरा लॉज सरपंच लोकेश रैया, रामकिशन बाज्या, शिवराम सैनी, छाजूराम सैनी, राकेश दायमा, दिनेश सैनी, मिठ्ठन लाल, मंगलराम, नाथूराम, दशरथ सिंह, कैलाश जाट, मनोहर सैनी, मुकेश मीणा, रोहिताश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

प्रश्नोत्तरी व वाद - विवाद प्रतियोगिता हुई

दूदू । संविधान दिवस (26 नवम्बर 2024) के अवसर पर मंगलवार को जिला प्रशासन व सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय संविधान के महत्व पर वक्ताओ ने प्रकाश डाला। इस दौरान संविधान के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए प्रश्नोत्तरी व वाद – विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया संविधान दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित रूरल पब्लिक स्कूल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार ने आव्हान किया कि प्रत्येक देशवासी को भारतीय संविधान के प्रति जागरूक रहना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी रेणु तँवर ने कहा कि भारतीय संविधान में दर्शाये गये अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहना चाहिए । इस दौरान सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के सहायक जनसम्पर्क अधिकारी अभिमन्यु सिंह ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि भारतीय संविधान हमें स्वतंत्रता, समानता के अधिकार प्रदान कर प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने के साथ – साथ गरिमापूर्ण जीवन जीने की शक्ति देता है । इस अवसर पर विद्यालय में भारतीय संविधान पर आधारित वाद – विवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।

रजवास में मनाया संविधान दिवस

निवाई। ग्राम पंचायत रजवास में स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र में मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। सरपंच कानाराम जाट ने डॉ. भीमराव अंबेडकर व राष्ट्रिपता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने बताया कि भारत में संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 1949 में इसी दिन हमारे देश ने अपना संविधान अपनाया था। डॉ. भीमराव अंबेडकर की 125वीं जयंती पर 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर संविधान सभा का आयोजन किया गया जिसमें गरीबों के उत्थान के लिए लोगों से चर्चा कर संगोष्ठी की गई। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक नंदकिशोर बैरवा, ई मित्र संचालक किशन चौधरी, आशा सहयोगी सुनीता गुर्जर, अनीता मीणा, सुनीता बंसीवाल व गीता देवी शर्मा आदि मौजूद थे।

बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए रवाना

अलवर। अंतर विश्वविद्यालय वेस्ट जोन बास्केटबॉल महिला वर्ग की प्रतियोगिता दिनांक 26 से 29 नवंबर तक आई.एम.टी. विश्वविद्यालय, ग्वालियर में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में राज ऋषि विश्वविद्यालय की 12 महिला खिलाडियों की टीम प्रतियोगिता स्थल में भाग लेने के लिए रवाना हुई हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिला टीम का प्रशिक्षण शिविर 21 नवंबर से जी.डी. कॉलेज, अलवर पर लगाया गया था। विश्वविद्यालय की महिला टीम की कोच पायल सैनी द्वारा खिलाडिय़ों को नवीनतम तकनीक द्वारा प्रशिक्षित किया गया। कोच पायल सैनी ने बताया कि आई.एम.टी. यूनिवर्सिटी, ग्वालियर में दिविशा सिंह टीम कप्तान जेसिका योगी, करिश्मा नेगी, प्रिंस यादव, पलक शेखावत, हर्षित शर्मा, चेल्सी खंडेलवाल, पायल जोशी, संजू गुर्जर, तन्वी कँवर, सोनिया शर्मा ओर साक्षी कुल 12 महिला खिलाड़ी शामिल है। इन सभी खिलाडिय़ों को आज रेलवे स्टेशन पर नेक कमाई के फाउंडर दौलत राम हजरती, सूबेदार मंगेज सिंह, संजय खंडेलवाल, संजीव गुप्ता, संतराम यादव, संजय शर्मा, बाबूलाल शर्मा, स्नेहा खंडेलवाल, विशाल सिंह व खेल प्रेमियों द्वारा खिलाडिय़ों को शुभकामना देकर अच्छे से खेलने के लिए प्रोत्साहन दिया गया ।

कलेक्ट्रेट में प्रस्तावना का वाचन

टोंक। संविधान दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौकरिया ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया। इसी के तहत सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में संविधान पर आधारित प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान पीआरओ अपूर्व शर्मा ने संविधान की मूल भावना पर प्रकाश डाला, साथ ही, कहा कि विद्यार्थियों को भारत के संविधान का गहराई से अध्ययन करना चाहिए। भारतीय संविधान में अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी प्रत्येक नागरिक को जागरूक रहना चाहिए। भारत का संविधान दुनिया में सबसे बड़ा लिखित संविधान है। वरिष्ठ पत्रकार भगवान सहाय शर्मा ने भारत के संविधान की विशेषताओं पर अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा ने कहा कि संविधान दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों को याद करने और संविधान की मूल अवधारणाओं का प्रसार करने का अवसर है। संविधान दिवस पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी का विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने संविधान निर्माण से संबंधित सवाल-जवाब भी किए। विद्यार्थियों के साथ आए शिक्षकों ने भारत के संविधान के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी।

दो डम्पर व एक ट्रैक्टर-ट्रोली जब्त

टोंक। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा चलाये जा रहे अभियान अवैध बजरी, पत्थर खनन/परिवहन की रोकथाम हेतु उनके निर्देशन में पुलिस थाना बरोनी व पीपलू द्वारा कार्यवाही को अंजाम दिया गया। थाना पीपलू प्रभारी राजेन्द्र ताडा ने बताया कि ग्राम गाता किशनपुरा रोड पर मुण्डिया तिराहे पर अवैध बजरी परिवहन करते हुये करीब 25 टन अवैध बजरी से भरा हुआ एक डम्पर नम्बर को जब्त किया ।

मैदान पर रोमांच से मैदान के बाहर के शानदार पलों तक दिल्ली कैपिटल्स के साथ सफर अद्भुत रहा है। इस सफर की कभी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। मैं एक युवा के रूप में यहां आया था और पिछले 9 सालों में हम एक साथ बढ़ा हैं। – ऋषभ पंत

भारतीय बल्लेबाज, दिल्ली फ्रेंचाइजी टीम को अलविदा कहते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी ▶ वैभव सूर्यवंशी

मेगा ऑक्शन में करोड़पति बने 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को कार्टून देखने की आदत थी। उनके पिता संजीव ने बताया कि क्रिकेट में जुनून बढ़ा तो वैभव ने डोरेमोन देखना छोड़ दिया। वैभव बिहार में समस्तीपुर जिले के छोटे से गांव मोतीपुर के रहने वाले हैं। ऑक्शन में वैभव को 1.10 करोड़ रुपए की कीमत देकर राजस्थान रॉयल्स ने खरीदा। इसी के साथ वह इतिहास के सबसे युवा करोड़पति बने। उनसे पहले प्रयास रे बर्मन 16 साल की उम्र में करोड़पति बने थे। पिता ने क्रिकेटर बनाने के लिए जमीन बेची संजीव सूर्यवंशी ने को बताया, वो सिर्फ हमरा बिटवा नहीं, पूरे बिहार का बिटवा है।

क्या आप जानते हैं ?... ऑस्ट्रेलिया एकमात्र देश है जिसे अपने पहले ही टेस्ट मैच में जीत मिली, जबकि इंग्लैंड और पाकिस्तान ही ऐसे दो देश है जिन्हें दूसरे टेस्ट में जीत मिली।

एडीलेड टेस्ट के लिये टीम में बदलाव नहीं करेगा ऑस्ट्रेलिया, मार्श की फिटनेस पर नजरें : मैकडोनाल्ड

पर्थ, 26 नवम्बर। आस्ट्रेलिया के कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि पहले टेस्ट में भारत के हाथों 295 रन से हारने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया जायेगा हालांकि हरमनमौला मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर चिंतायें हैं। मैकडोनाल्ड ने बताया कि उनकी टीम छह दिसंबर से शुरू हो रहे दिन रात के टेस्ट के लिये पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से पहले ही एडीलेड पहुंचेंगी ताकि अतिरिक्त अभ्यास कर सके।

उन्होंने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा,'' पर्थ टेस्ट के लिये जो लोग चेंज रूम में थे, वही एडीलेड में भी होंगे। बदलाव करने पर हमेशा विचार होता है लेकिन हालात के अनुसार टीम चुनी जाती है।'' सितंबर में

इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के बाद से फिटनेस समस्या से जूझ रहे मार्श ने पहले टेस्ट में सिर्फ 17 ओवर डाले और तीन विकेट लिये। मैकडोनाल्ड ने कहा,'' मुझे नहीं लगता कि पहले टेस्ट में उसका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। हमें उसकी फिटनेस पर नजर रखनी होगी।'' पिछली दस टेस्ट पारियों में 13 . 66 की औसत से ही रन बना सके मार्नस लाबुशेन का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, खिलाड़ियों के कैरियर के उतार चढाव पर लगातार बात होती रहती है।

खराब दौर आते हैं लेकिन वह जल्दी ही फॉर्म में लौटेगा। हमें उसकी क्षमता पर यकीन है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी हमें जरूरत है।'' करारी हार के बावजूद उन्होंने कहा कि टीम का मनोबल मजबूत है। उन्होंने कहा, '' हमें इस हार की जिम्मेदारी लेनी होगी। हम कोचों को भी। इस हार के बावजूद टीम का मनोबल ऊंचा है।हमारी रणनीति सही थी लेकिन उस पर अमल नहीं हो सका।

51वीं राज्य स्तरीय शर्मा-माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता

पीयूष की घातक गेंदबाजी से मिनर्वा क्लब की आसान जीत

जयपुर, 26 नवम्बर। बनीपार्क क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 51वीं राज्य स्तरीय शर्मा–माथुर क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत आज नैना क्रिकेट एकेडमी ग्राउण्ड जगतपुरा में खेल गये उद्घाटन मुकाबले में पीयूष सैनी 26 रन पर 4 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत मिनर्वा क्रिकेट क्लब ने मैत्री क्रिकेट क्लब को 5 विकेट से हरा करअगले राउण्ड में प्रवेश किया।

टॉस जीत कर मैत्री क्लब ने पहले बल्लेबाजी प्रारम्भ की लेकिन योगेश मीणा 28 रन नीलू शर्मा 13 रन, विमल ठाकुर 12 रन को छोड़ कर मैत्री क्लब का कोई भी बल्लेबाज मिनर्वा के गेंदबाजों पीयूष सैनी 26 रन पर 4 विकेट, पार्थ शर्मा 12 रन पर 2 विकेट, विनीत 27 रन पर 2 विकेट, विशाल शर्मा 17 रन पर 1 विकेट, नितिन बामनिया 11 रन पर 1 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष कोई बल्लेबाज नही टीकस का और पूरी टीम 20.5 ओवर में 103 रन पर सिमट गयी। जवाबी पारी में आदित्य जांगिड 41 रन, तुषार चौधरी 13 रन, नितिन बामनिया 12 रन, अनुज वर्मा 10 रन ने मिलकर 18.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 106 रन बना कर विजय लक्ष्य हासिल कर लिया और अनी टीम को 5 विकेट से जीत दिला दी।

इस मैच का मैनऑफ द मैच पीयूष सैनी 26 रन पर 4 विकेट मिनर्वा क्लब रहे। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्थान क्रिकेट एसोसियेशन के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष तथा जयपुर जिला क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष व सचिव रह चुके पूर्व रणजी खिलाडी डॉ0 बी.आर. सोनी ने किया ।समारोह की अध्यक्ष ताक्लब के उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार चौबे ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में सुरेन्द्र कुमार चौबे रहा। प्रतियोगिता सचिव सलीम खान सहित कई खिलाडी व खेल प्रेमी भी उपस्थित थे।

संक्षिप्तस्कोर : मैत्री क्रिकेट क्लब 103 रन ऑलआउट 20.5 ओवर में, मिनर्वा क्रिकेट क्लब 106 रन 5 विकेट खोकर 18.1 ओवर में।

संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर निकली संविधान पदयात्रा

भारतीय संविधान हमारी राष्ट्रीय पहचान एवं विविधता में एकता का प्रतीक : राठौड़

जयपुर, 26 नवम्बर। युवा मामले एवं खेल मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि भारतीय संविधान ने हमें एक ऐसी राष्ट्रीय पहचान दी है, जो विविधता में एकता का प्रतीक है। हमारी संस्कृति, भाषा, धर्म और क्षेत्र भले ही अलग–अलग हों, लेकिन हमारा संविधान हमें एक सूत्र में बांधता है। उन्होने कहा कि संविधान एक जीवित दस्तावेज है, जो हमें समानता, न्याय और एकता का संदेश देता है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि इसे ओर मजबूत बनाएं और अपने जीवन में इसके सिद्धांतों का पालन करें।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। कर्नल राठौड़ मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर जयपुर के चित्रकूट स्टेडियम में आयोजित संविधान पदयात्रा में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होने संविधान के महत्व, मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों को समझकर भारतवर्ष को एक सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र बनाने मे अपना महती योगदान देने का आ ान किया।

कार्यक्रम मे वंदे मातरम और भारत माता की जय से चित्रकूट स्टेडियम गूंज उठा कार्यक्रम में युवाओं मे जोश और देशभक्ति की भावना नजर आई। इसके साथ ही स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवकों ने भी कालेबेलिया नृत्य से सभी का मन मोहा। कार्यक्रम मे संविधान की थीम पर लगाए गए सेल्फ़ी बूथ भी युवाओं में आकर्षण का केंद्र रहे।

इस अवसर पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजेंद्र सिंह सिसोदिया, नगर निगम की ज़ोनल कमिश्नर मनीषा यादव, वित्तीय सलाहकार महावीर मीणा, राजस्थान युवा बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश चंद पहाड़िया, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक एसपी भटनागर, नेहरू युवा केंद्र संगठन के क्षेत्रीय निदेशक भुवनेश जैन, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के पूर्व अतिरिक्त निदेशक अरुण जोशी, खेल प्रबंधक रणविजय सिंह, अनिरुद्ध जगधारी, कोमल चौधरी, जनसंपर्क अधिकारी तेजराज सिंह, एएओ अनिल जैन नगर निगम, शिक्षा विभाग, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभिन्न विधायलयों के विध्यार्थी, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एंड गाइड, हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के स्वयंसेवक, पुलिस, आरएसी, होमगार्ड के जवान, सामाजिक संगठन से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

पिंक स्टार डॉक्टर्स बैडमिंटन लीग सीजन-6 टीम इवेंट्स में फ्लो केअर विजयी

जयपुर, 26 नवंबर। लीग आयोजन सचिव डॉ हनुमान खोजा ने बताया कि आज खेले गए टीम इवेंट मुकाबलों में, महिला वर्ग में प्रियंका हॉस्पिटल ने पैथोस्कोप डायग्नोस्टिक को 3–2 की से हराया। एक अन्य टाई में स्पेक्ट्रा इमेजिंग ने

प्रियंका हॉस्पिटल को 3–2 से हराया। पैथोस्कोप और स्पेक्ट्रा इमेजिंग के मैच में पाथोस्कोप 2–1 से आगे है और 2 मैच अभी बाकी हैं। लीग कॉर्डिनेटर प्रेम चौधरी ने बताया कि वरिष्ठ वर्ग में दीप हॉस्पिटल किड्स डेंटल से 2–0 से आगे है और एक मैच अभी बाकी है। फ्लो केअर डायग्नोस्टिक टीम ने जिप्सी जगुआर्स को 5–0 से हराया। एच् सी जी हिटर्स ने कदम टेक को 5–0 से हराया। एक अन्य टाई में एच सी जी हिटर्स ने सुवीरा हॉस्पिटल को हराया। कैंसर केअर क्रशरस ने सुवीरा हॉस्पिटल को 5–2 से हराया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ श्रवण यादव ने बताया कि पिंक विनायक हॉस्पिटल और जयपुर नुक्लेअर इमेजिंग 3–3 से बराबरी पर हैं, 1 मैच अभी बाकी हैं। एन एच बी एच हॉस्पिटल ने अग्रवाल हॉस्पिटल को 6–(–1) से हराया। अग्रवाल हॉस्पिटल ने जिप्सी जगुआर्स को 4–3 से हराया। मेडिस्पा रॉयल्स ने किड्स डेंटल को 3–2 से हराया।

तीये की बैठक

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया माताजी

श्रीमती गुलाब देवी

धर्मपत्नी स्व. श्री छीतर मल सैनी का स्वर्गवास दिनांक 25.11.2024 को हो गया है। तीये की बैठक दिनांक 27.11.2024 बुधवार को दोपहर 3:00 से 4:00 बजे तक हमारे निवास स्थान प्लॉट नम्बर 3 उत्तम नगर बान्यावाली डाबला बुजुर्ग डिग्गी रोड जयपुर में रखी गई है।

शोकाकुल:- भागचंद जी, छोटी लाल जी, (पुत्र) मुकेश, सूरज, गुड्डू, दीपक, विजय, (पौत्र) ,तुषार, निशांत, गौर व (पडपौत्र) एवं समस्त जोगी जाजम परिवार 8209496190, 6367655497

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

भारतीय जीवन बीमा निगम के खेल महाकुंभ की रंगारंग शुरुआत

जयपुर, 26 नवम्बर। भारतीय जीवन बीमा निगम की खेलकूद प्रतियोगिता का आज शानदार आगाज जयपुर के सवाई मानसिह स्टेडियम मे हुआ। सामरोह के मुख्य अतिथि निगम के प्रबन्ध सी ई ओ व प्रबन्धक निदेशक सिद्धार्थ मोहन्ती थे। इस अवसर पर सलिल विश्वनाथ कार्यकारी निदेशक(एच.आर.डी) आदित्य गुप्ता कार्यकारी निदेशक(कारपोरेट कम्युनिकेशन) एल आई सी नार्दन जोन के जोनल मैनेजर जे .पी एस बजाज सहित निगम के अधिकारी मौजूद थे।

मोहन्ती ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए का कि खेलकूद वह पहलू हैं जो मानव के मन व शरीर को एकीकृत रूप से समृद्ध कर सकते है, हर खिलाड़ी जो खेल मे हिस्सा लेता है वो विजेता है । उद्घाटन समारोह का प्रारम्भ खिलाड़ियों के मार्च पास्ट से प्रारम्भ हुआ व तत्पश्चात निगम ध्वज पहराकर सीईओ सिद्धार्थ मोहन्ती ने खेल प्रारम्भ होने की औपचारिक घोषणा की। नार्दन जोन के बैडमिंटन के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सिद्धार्थ जाखड ने खिलाडियों को खेल खेल की भावना से खेलने कि शपथ दिलाई। इस अवसर पर जाजम संस्था के राजस्थानी

लोक कलाकारो ने लोकगीत केसरिया बालम गाकर खिलाड़ियों व मेहमानो का राजस्थानी परम्परा से स्वागत किया। भारतीय जीवन बीमा निगम जयपुर मण्डल के वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक संजय कुमार ने धन्यवाद दिया।

चार दिनो तक चलने वाले जीवन बीमा निगम के इस वार्षिक खेल उत्सव मे कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, वॉलीबॉल व एथलेटिक्स की विभिन्न एकल व सामूहिक प्रतिस्पर्धाए होगी।

इन प्रतियोगिता मे निगम के आठ जोन के करीब 450 खिलाड़ी भाग ले रहे है जिनमे कई राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर खेल प्रेमियों की नजर रहेगी।

यू एस ओपन कैरम चैम्पियनशिप 2024 के रजत पदक विजेता प्रकाश गायकवाड़,कैरम के महिला वर्ग की पूर्व वर्ल्ड चैम्पियन एस. अपूर्वा व पी. निर्मला, शतरंज के ग्रांड मास्टर श्रीराम झा, स्वाति धाटे, डी.के शर्मा, मनीषा किरण । एथलेटिक्स मे कालिदास हिरवे,सुनील गोस्वामी, दीपेन्द्र कुमार व बैडमिंटन के राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी सिद्धार्थ जाखड, टेबल टेनिस के सौगात सरकार व रोहित चक्रवर्ती सहित और भी नामी खिलाड़ी अपने खिताब बचाने के लिये पसीने बहाते नजर आयेगे। प्रतियोगिता का समापन 29 नवम्बर 2024 को होगा जिसके मुख्य अतिथि सतपाल भानू, प्रबन्ध निदेशक भारतीय जीवन बीमा निगम होगे।

भारत लौटेंगे हेड कोच गौतम गंभीर

पर्थ, 26 नवम्बर। टेस्ट जीतने के बाद टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर व्यक्तिगत कारणों से मंगलवाल को ऑस्ट्रेलिया से स्वेध लौट आएंगे। 6 दिसंबर पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा उससे पहले ही गंभीर टीम इंडिया का फिर से ज्वाइन कर लेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि, गंभीर ने हमें सूचित किया है कि वह स्वदेश लौटेंगे और दूसरे टेस्ट मैच से पहले टीम इंडिया से जुड़ेंगे। उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है और बोर्ड ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। पिंक बॉल टेस्ट 6 दिसंबर से खेला जाना है। गंभीर की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर और रेयान टेन डोशेट, गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल और फील्डिंग कोच टी दिलीप कप्तान रोहित शर्मा के परामर्श से ट्रेनिंग सत्रों की देखरेख करेंगे।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती प्रियंका खण्डेलवाल पत्नी मुकेश दुषाद पता 47-ए, पिपलोदा पार्क, किशोरपुरा रोड, हाथोज ग्राम जयपुर ने राजस्थान आवासन मण्डल में दुकान नम्बर 107, नाहरी का नाका, जयपुर की सम्पत्ति मृतक श्रीमती शान्ति देवी पत्नी स्व. श्री रामजी लाल दुषाद के द्वारा निष्पादित जरिये रजिस्टर्ड वसीयत द्वारा स्वयं के नाम आवासन मण्डल से हस्तान्तरित करवाना चाहती है, यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क करें।
जयपुर (एन.के. गुप्ता) एडवोकेट
दिनांक-25.11.2024 मो.नं. 98282272811

आम सूचना हर आम व खास एवं सर्वसाधारण को इस विज्ञप्ति द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य रहीम उल्लाह पुत्र अजीज उल्लाह मूल निवासी 01, गोलीमार गार्डन, रामगढ रोड, दरबार होटल, जयपुर, राजस्थान भारत का प्रतिष्ठित व्यक्ति है तथा और मेरे अभिभाष्य का पुत्र आरिफ उल्लाह (आधार नम्बर 3053 5857 0728) मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है। इसलिये अब मेरा अभिभाष्य रहीम उल्लाह अपने पुत्र आरिफ उल्लाह को आज से अपनी जायदाद/सम्पत्ति से पूर्णत बेदखल करता है। इसलिए भविष्य में आरिफ उल्लाह द्वारा किसी भी आम व खास के साथ किये जाने वाले हर प्रकार के लेन-देन व कृत्य की जिम्मेदारी स्वयं आरिफ उल्लाह की व्यक्तिगत होगी। मेरे अभिभाष्य व मेरे अभिभाष्य के परिवार का अब आरिफ उल्लाह से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं है। हर आम व खास सूचित रहे।
अशोक कुमार (एडवोकेट) मो. 6375422509

खोया पाया

मेरे प्लॉट नं. 89, केशर वाटिका मांचवा कालवाड़ रोड जयपुर (राजहंस कॉ. हा. सो.लि.) के मूल कागजात खो गये, मिलने पर सूचित करें- प्रेमसिंह-9982706086

मेरे आवास संख्या 264/113, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर का मूल डिमांड पत्र एवं डिमांड की रसीद कहीं गिर/गुम गई है मिलने पर सूचित करें-राधा देवी-7976109309

AUCTION FOR SALE

Salvage disposable of Areca Nuts 3010 kgs that have been contaminated by diesel in transit lying at **M/s Sagar Freshners Pvt Ltd.** A-14 Godam, Industrial area, Jaipur. Interested buyers can inspect from **27th Nov to 4th Dec** & participate in online auctionalong with **EMD Rs. 1,00,000/-.**
Auction will be held on 5th Dec 1:00pm to 2:00pm On our website:
www.salvagewealth.in
Auctioneer Details: Mrs. Neha Mehra 81 30 17 15 75

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम रावत मोहित केदार से बदल कर मोहित रावत पुत्र श्री केदार रावत रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। निवासी 1/221, नजदीक खंडेलवाल टावर, विद्याधर नगर, जयपुर-302039

मेरे पुत्र सौरभ कनवाडिया की स्कूल रिकॉर्ड में त्रुटिवश जन्म तिथि 03.02.2016 दर्ज हो गयी। जबकि जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार इसकी वास्तविक जन्म तिथि 03.02.2015 है। सुनील कानव, ग्राम खातोलाई (विराटनगर)

I bhabar kumbar legally wedded spouse of army no 13916976K Ex NK Late manhor singh S/O ugam singh R/O 132 rajendra nagar niwaru road jaipur have changed my husband name From MANHOR SINGH To MANOHAR SINGH (DOB 15/4/1950) in other documents vide affidavit dated 25 nov 24 before district notary Jaipur

I bhabar kumbar legally wedded spouse of army no 13916976 K Ex NK Late Manhor singh S/O ugam singh R/O 132 rajendra nagar niwaru road Jaipur that have changed my name from BHABAR KUMBAR is wrong entered in service record To BHANWAR KANWAR (DOB 28/8/1954) vide affidavit dated 25 nov 24 before district notary Jaipur

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय अति. जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम–5 स्थान जयपुर महानगर (द्वितीय)
शिवशंकर शर्मा विरुद्ध बाल शंकर शर्मा व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेघाज्ञा
प्रार्थना–पत्र संख्या 79 सन् 2024
नाम देवकी शर्मा उर्फ रेखा शर्मा पुत्री स्व. ग्यारसीलाल शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र शर्मा जाति पता फ्लेट नं. 301, प्लाट नं. 114, उत्कर्ष अपार्टमेंट, सारथी मार्ग, डॉक्टर्स कॉलोनी वैशाली नगर, जयपुर। उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न नहीं है। अत: आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 03 माह 1 सन् 2025 को 10 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसके सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने मैं असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा। यह आज ता. 20 माह 11 सन 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।
मोहर अदालत **आज्ञा से-रीडर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश क्रम–5 जयपुर महानगर द्वितीय**

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय-5 में किराए के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत प्रार्थना-पत्र
न्यायालयः किराया अधिकरण संख्या-2 (AGM-5) राज.) जयपुर महानगर प्रथम
बृजलता अग्रवाल विरुद्ध राधामोहन खण्डेलवाल,
अर्जी संख्या 59/2016, नाम राधामोहन खण्डेलवाल पुत्र श्री सुआलाल बम्ब जाति. प्रोपराईटर केवल सेल्स कारपोरेशन पता 203, रास्ता टिक्कड़मल चौकड़ी तोपखाना देश, जयपुर
प्रार्थी ने आपके विरुद्ध किराये के पुनरीक्षण/बेदखली के लिए राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 8/1/25 माह को 10:30 बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए चेतावनी दी जाती है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसको सम्यक् अनुदेश दिए गए हो और जो इस अर्जी से सम्बन्धित सभी सारवान् प्रश्नों के उत्तर दे सकें या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उक्त दिन या इससे पूर्व 30/45 दिन के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य नोटिस की तामील होने की तारीख से दाखिल करें और उक्त तारीख पर या तामील होने के 30/45 दिन के भीतर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई को दावा का प्रतिदावा आधारित है। साथ ही यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में न हो, अपनी प्रतिरक्षा, मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हों, आप ऐसे दस्तावेज उल्लिखित समय के मय उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा के और जवाब के साथ उन सभी साक्षीगण के एवं स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत करें जो आपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते हैं तथा उन दस्तावेजों का और उस साक्ष्य का ब्यौरेवार वर्णन शपथ पत्र में किया जावें। साथ ही जिन दस्तावेजों को न्यायालय में प्रदर्शित कराना हो उन पर लाल स्याही से प्रदर्श डालकर प्रस्तुत करें और शपथ पत्र पर ए से बी, सी से डी हस्ताक्षर इत्यादि या लिखावट आदि जिसको भी प्रमाणित कराना है, का उल्लेख भी किया जावें ।आपको पुनः आगाह किया जाता है कि उक्त नोटिस की तामील होने के 30/45 दिन के भीतर आप अपना प्रतिरक्षा उपरोक्त प्रवास में न्यायालय में अंकित करें या उक्त तारीख पेशी पर प्रस्तुत कर दें। अन्यथा आपकी प्रतिरक्षा राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत समाप्त हो जायेगी। आपको यह भी आगाह किया जाता है कि तारीख पेशी से पूर्व यदि आप द्वारा प्रतिरक्षा हेतु जवाब अर्जी शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते है तो न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता श्री---- को उक्त प्रतिरक्षा की और जवाब दावा शपथ पत्रों की, दस्तावेजों व अन्य साक्ष्यों की प्रति उपलब्ध करा दें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। नोटिस आज दिनांक 22/11/ 2024 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।
(मुहर) आज्ञा से,रीडर

आम सूचना मेरे अभिभाष्य पंकज कोठारी द्वारा सूचित किया जाता है कि प्लॉट नम्बर 65, उत्तरी भाग, जगन्नाथपुरी द्वितीय, त्रिवेणी के पास, गोपालपुरा बाईपास रोड, जयपुर कुल क्षेत्रफल 100 वर्गगज का मूल विक्रय पत्र 27.02.2013 मोहम्मद ईदी खान बहक श्रीमती संतोष देवी के हक में उप पंजीयक कार्यालय जयपुर षष्टम के यहां तथा मूल विक्रय पत्र 03.04.2014 को श्रीमती संतोष देवी बहक श्रीमती अनिता यादव के हक में उप पंजीयक सांगानेर प्रथम एवं मूल विक्रय पत्र 11.06.2014 को श्रीमती अनिता यादव बहक रामस्वरूप साहू के हक में उप पंजीयक जयपुर चतुर्थ के यहां निष्पादित हुए हैं उक्त तीनों असल विक्रय पत्र एवं पट्टा गुम हो गये हैं, जिसकी सूचना राजस्थान पुलिस को ऑन लाईन एल.आर. नम्बर 2278663/2024 दिनांक 31.07.2024 को दी गई है, यदि उक्त दस्तावेजता असल किसी व्यक्ति को मिले तो 7 दिवस में मुझे सूचित करें।
जयपुर (एन.के.गुप्ता) एडवोकेट
दिनांक-25.11.2024 मो.न. 9828227281

आम सूचना दि. 25.11.2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Plot No. II / E / 124, Scheme Jhalana Dungri, Kacchi Basti, Phase-II, Jhalana Dungri, Jaipur का असल आवंटन पत्र क्रमांक 2768 एवं कब्जा पत्र क्रमांक 571 दिनांक 20.06.1986 भवन निर्माण स्वीकृती दिनांक 20.06.1986 एवं रजिस्ट्री रसीद लेमिनेटेड एवं क्षतिग्रस्त है, जो कि श्री कल्याण के गृह ऋण में भारतीय स्टेट बैंक आरएसीपीसी जयपुर अन्य असल दस्तावेजो के साथ रहन है। भावी क्रेता श्री ओमप्रकाश डोबोड़िया द्वारा उक्त प्लाट को पुनः भारतीय स्टेट बैंक आरएसीपीसी जयपुर में गृह ऋण हेतु रहन रखने के लिए आवेदन किया गया है उक्त यदि किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में संपर्क करे, बाद मियाद आपत्ति स्वीकार नही होगी। **(दीपक पारीक) अधिवक्ता, मो. 9414238509**
Email: deepakpareekadvocate@gmail.com

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय MM-18 मु.आमेर स्थान जयपुर द्वितीय
मोहम्मद हमजाह विरुद्ध इन्द्र कुमार व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र T.I.
प्रार्थना-पत्र संख्या - 52 सन् 2024
नाम शक्ति देवी अरविन्द गुनारी पत्नी अरविन्द विरधा गुनारी पता 170/70 सेक्टर 17, जोन 170, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि-
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 28 माह 11 सन् 2024 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 07 माह 11 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत रीडर शरिस्तेदार अपर सिविल न्यायालय एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम सं. 18, जयपुर महानगर द्वितीय मुख्यालय आमेर

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)
न्यायालय MM-18 मु.आमेर स्थान जयपुर द्वितीय
मोहम्मद हमजाह विरुद्ध इन्द्र कुमार व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र T.I.
प्रार्थना-पत्र संख्या - 52 सन् 2024
नाम इन्द्र कुमार पुत्र कन्हैया लाल जाति...पता 120, गिरनार कॉलोनी, स्कीम नम्बर 6, मंदिर मार्ग, वैशाली नगर, जयपुर
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि- नकल संलग्न है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 28 माह 11 सन् 2024 को 10.30 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज दिनांक 07 माह 11 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय कीमुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत रीडर शरिस्तेदार अपर सिविल न्यायालय एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम सं. 18, जयपुर महानगर द्वितीय मुख्यालय आमेर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय MM-18 मु.आमेर स्थान जयपुर द्वितीय
मोहम्मद हमजाह विरुद्ध इन्द्र कुमार व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र T.I.
प्रार्थना-पत्र संख्या - 49 सन् 2024
नाम शक्ति देवी अरविन्द गुनारी पत्नी अरविन्द विरधा गुनारी पता 170/70 सेक्टर 17, जोन 170, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर
वादी ने आपके विरूद्ध ...के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इन्यायालय में तारीख 28 माह 11 सन् 24 को दिन में 10.30 एएम बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 07 माह 11 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत रीडर शरिस्तेदार अपर सिविल न्यायालय एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम सं. 18, जयपुर महानगर द्वितीय मुख्यालय आमेर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय MM-18 मु.आमेर स्थान जयपुर द्वितीय
मोहम्मद हमजाह विरुद्ध इन्द्र कुमार व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र T.I.
प्रार्थना-पत्र संख्या - 49 सन् 2024
नाम इन्द्र कुमार पुत्र कन्हैया लाल जाति...पता 120, गिरनार कॉलोनी, स्कीम नम्बर 6, मंदिर मार्ग, वैशाली नगर, जयपुर
वादी ने आपके विरूद्ध नकल संलग्न है के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इन्यायालय में तारीख 28 माह 11 सन् 24 को दिन में 10.30 एएम बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन मेगं साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 07 माह 11 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत रीडर शरिस्तेदार अपर सिविल न्यायालय एवं महानगर मजिस्ट्रेट क्रम सं. 18, जयपुर महानगर द्वितीय मुख्यालय आमेर

कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.)

क्रमांक:-न.प.हि./2593 दिनांक: 26.11.2024

लोक सूचना

क्र.सं.	नाम	पता
1.	अशोक कुमार धाकड पुत्र श्री राधेश्याम धाकड, मोहन सिंह पुत्र श्री बीधाराम	हिण्डौनसिटी जिला–करौली (राज.)

ने कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात्

क्र.सं.	जिला एवं तहसील	ग्राम/कस्बा का नाम	खसरा नम्बर	क्षेत्रफल (है./ऐयर)
1.	करौली/हिण्डौन	हिण्डौन सिटी	3691/1	0.25

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90–क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयाजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर–2 किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर–2 किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .... को जारी की गई।

आयुक्त
नगर परिषद, हिण्डौन

कार्यालय नगर परिषद, हिण्डौन सिटी, जिला करौली (राज.)

क्रमांक:-न.प.हि./2615 दिनांक: 26.11.2024

लोक सूचना

क्र.सं.	नाम	पता
1.	लक्ष्मी देवी पत्नी टीकमचंद	हिण्डौन सिटी जिला–करौली (राज.)

ने कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थात्

क्र.सं.	जिला एवं तहसील	ग्राम/कस्बा का नाम	खसरा नम्बर	क्षेत्रफल (है./ऐयर)
1.	करौली/हिण्डौन	हिण्डौन सिटी	1794/2	0.12

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90–क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयाजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर–2 किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर–2 किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .... को जारी की गई।

आयुक्त
नगर परिषद, हिण्डौन

'संविधान हमें अधिकारों के साथ कर्तव्य की सीख देता है'

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ''संविधान दिवस'' कार्यक्रम में भाग लिया

जयपुर, 26 नवम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार संविधान में निहित लोक कल्याण की मूल भावना को सर्वोपरि मानते हुए प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने विभिन्न योजनाओं और नीतियों के माध्यम से संविधान की मूल भावना को साकार किया है।

- मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल ने मंत्रियों, प्रेम चन्द बैरवा, मदन दिलावर, जोगाराम पटेल, हेमन्त मीणा, सुरेश रावत, बाबूलाल खराडी व अविनाश गहलोत तथा मुख्य सचिव सुधांश पंत, विभिन्न विभागों के अति. मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भाग लिया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों से संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित ''संविधान दिवस कार्यक्रम'' का दीप जलाकर शुभारम्भ किया।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित ''संविधान दिवस कार्यक्रम'' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज का दिन संविधान की महिमा का उत्सव और उन महान व्यक्तित्वों को याद करने का दिन है, जिन्होंने इस अद्भुत दस्तावेज का निर्माण किया। शर्मा ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे प्रभावी संविधान है। यह हमारे लोकतंत्र का आधार होने के साथ ही, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय का मार्गदर्शक भी है। इसमें समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के मूल्यों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि संविधान हमें अधिकार देने के साथ ही, कर्तव्यों की भी सीख देता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 26 नवंबर, 1949 को हमारा संविधान अपनाया गया था और 26 जनवरी, 1950 को ये लागू हुआ, लेकिन संविधान दिवस मनाने की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। प्रधानमंत्री ने इस दिन को चुनकर हमें यह स्मरण कराया कि संविधान हमारे देश की आत्मा है और इसकी सुरक्षा और सम्मान हमारा प्रथम कर्तव्य है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माण में बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान के अन्य महान शिल्पियों का अतुलनीय योगदान है

उन्होंने कहा कि संविधान दिवस पर अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए अभियान चलाने जैसे प्रयास राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा, हमारा संविधान केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का प्रतिबिंब है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपस्थित लोगों को संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधि एवं विधिक संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित, विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

29 नवम्बर को कांग्रेस ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नेताओं को दण्डित करें तथा हटायें तथा पार्टी को चुनावी लड़ाई के लिये उपयुक्त इकाई का रुप दें।

राहुल को आत्मनिरीक्षण करने तथा सही कदम उठाने की जरुरत है, अन्यथा पार्टी की स्थिति, वर्तमान स्थिति से भी ज्यादा खराब हो सकती है।

ऐसा प्रतीत हो रहा है कि निर्णयों को टालते जाने का समय जा चुका है तथा समय आ गया है कि पार्टी को रास्ते पर लाया जाये तता जैसा भी हो, ई.वी.एम. के मुद्द पर दो-टूक रुख अपनाया जाये।

तेलंगाना सरकार ..

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। पर हमने अभी तक किसी भी दानदाता से फंड हस्तांतरण के लिए नहीं कहा था क्योंकि युनिवर्सिटी को सैक्शन 80 जी के तहत आयकर से छूट नहीं मिली थी। चूंकि छूट का आदेश हाल ही में आया है, पर मुझे मुख्यमंत्री ने कहा है कि मौजूदा हालात और विवादों को देखते हुए फंड स्वीकार न किया जाए।

गौरतलब है कि 18 अक्टूबर को गौतम अडानी ने राज्य के मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी को राज्य में युनिवर्सिटी बनाने के लिए 100 करोड़ रु. का चैक दिया था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री कार्यालय ने ऐक्स पर लिखा कि ''अडानी फाउण्डेशन का एक प्रतिनिधिमंडल गौतम अडानी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिला तथा यंग इंडिया स्किल्स युनिवर्सिटी के लिए उन्होंने 100 करोड़ रु. का चैक दिया।''

इस पर राज्य में विपक्षी बी.आर.एस. ने और केन्द्र में भाजपा ने कांग्रेस पर दोहरे मानदंड का आरोप लगाया।

बी.आर.एस. के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव ने ऐक्स पर लिखा कि एक ओर तो राहुल गांधी और कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अडानी को ''मोदानी'' कहते हैं और उनकी दोस्ती का विरोध करते हैं लेकिन तेलंगाना में रैवत और अडानी ''रैवडानी'' दिख रहा है, क्या इसे राहुल गांधी और अडानी ''रागाडानी'' कहा जाए। उनकी पार्टी ने अडानी ग्रुप के सभी निवेशों को कैंसिल करने की मांग की, जिसमें ग्रीन एनर्जी, डेटा सैंटर्स व सीमेंट उद्योग के निवेश शामिल हैं।

भाजपा आई.टी. सैल के अमित मालवीय ने कहा, राहुल गांधी के लिए शर्म की बात है कि उनकी अपनी पार्टी के मुख्यमंत्री, अडानी की बात आए तो राहुल को तवज्जो नहीं देते, भले ही राहुल गांधी दिन भर अडानी-अडानी चिल्लाते रहें।

सोरेन 28 नवम्बर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जे.एम.एम. ने राज्य के विधान सभा चुनावों में 81 में से 34 सीटें तथा कांग्रेस ने 16 सीटें जीती हैं। महागठबंधन ने कुल 56 सीटें जीती है तथा 44.33 प्रतिशत वोट हासिल किये हैं। महागठबंधन में शामिल आर.जे.डी. ने 4 तथा सी.पी.आई. (मार्क्सवादी लेनिनवादी) ने 2 सीटें जीती हैं। भाजपा ने इस चुनाव में 21 तथा उसके नेतृत्व वाले नैशनल डेमोक्रेटिक अलांयस (एन.डी.ए.) ने कुल 24 सीटें जीती हैं।

'पूर्व सी.जे.आई. चन्द्रचूड ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जबकि प्रतिद्वंदी खेमे ने जवाबी याचिका दायर की। सुप्रीम कोर्ट ने विधान सभा स्पीकर राहुल नारवेकर से ''डिस्क्वालिफिकेशन'' याचिकाओं पर निर्णय लेने को कहा। इस वर्ष जनवरी में, स्पीकर ने शिंदे घटक को ''असली शिवसेना'' घोषित कर दिया।

राउत के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए, पूर्व सी.जे.आई. ने आगे कहा, ''यह तर्क हमेशा दिया जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए महत्वपूर्ण संवैधानिक केस क्यों नहीं ले रहा है, जो बीस वर्षों से लंबित है? या, क्यों एक विशेष केस की सुनवाई नहीं की गई है। सुप्रीम कोर्ट की मैनपावर सीमित है और इसमें बैलैंस करना पड़ता हैं।''

अपने कार्यकाल के संदर्भ में बोलते हुए चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इलैक्टोरल बॉण्ड्स, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी केस, इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के तहत मदरसों को बंद करने, सिटिजनशिप एक्ट के सैक्शन 6-ए की वैधता, जैसे महत्वपूर्ण केसों में फैसले दिए।'' क्या यह कम महत्वपूर्ण था।'' पूर्व सी.जे.आई. ने आगे कहा, ''हम उस एजेंडा पर नहीं चलते, जो दूसरे हमारे लिए तय करते हैं।''

बांग्लादेश में इस्कॉन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हिंदू समुदाय के लोगों और चटगांव विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कुशाल बरन पर भी हमला हुआ है। इस हमले में वो गंभीर रूप से घायल हो गए है। कई लोगों को अस्पताल में भी भर्ती कराया गया है।

चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के बाद इस्कॉन ने एक्स पर एक पोस्ट किया। जिसमें में कहा, हमें चिंताजनक खबर मिली है कि इस्कॉन बांग्लादेश के प्रमुख नेता चिन्मय कृष्ण दास को ढ ाका पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस्कॉन भारत सरकार से तुरंत कदम उठाने और बांग्लादेश सरकार से बात करने की अपील करता है। हम चाहते हैं कि बांग्लादेश सरकार चिन्मय कृष्ण दास को जल्द रिहा करे।

बता दें कि, इसी साल 30 अक्तूबर को बांग्लादेश में राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप में देशद्रोह अधिनियम के तहत चिन्मय कृष्ण दास प्रभु समेत 19 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

आरोप है कि 25 अक्तूबर को चटगांव के लालदीघी मैदान में सनातन जागरण मंच ने आठ सूत्री मांगों को लेकर एक रैली की थी। इस दौरान एक चौक पर स्थित आजादी स्तंभ पर कुछ लोगों ने भगवा ध्वज फहराया था। इस ध्वज पर आमी सनातनी लिखा हुआ था। इसे लेकर चिन्मय कृष्ण दास पर राष्ट्रीय झंडे की अवमानना व अपमान करने का आरोप लगाया गया है।

जे.डी.सी. आनंदी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के गिरफ्तारी वारंट जारी किए। परिवादी की ओर से आयोग को बताया गया कि उपभोक्ता आयोग ने उसके मामले में 10 नवंबर 2023 को जे.डी.ए. को निर्देश दिया था कि वह उसकी जमा कराई गई राशि 2,02,613 रुपए व इस राशि पर नौ प्रतिशत ब्याज सहित रकम लौटाए। इसके अतिरिक्त, परिवादी को हुई परेशानी के लिए 40 हजार रुपए अलग से दे, लेकिन विपक्षी ने आयोग के आदेश की पालना नहीं की। इस पर परिवादी ने 25 जनवरी 2024 को उसे कानूनी नोटिस भी भेजा। इसके बाद भी विपक्षी ने आयोग के आदेश की पालना नहीं की है। विपक्षी का ऐसा करना आयोग के आदेश की अवमानना करना है। इसलिए आदेश की पालना करवाई जाए।

गौरतलब है कि आयोग ने पूर्व में जे.डी.सी. के जमानती वारंट जारी किए थे, लेकिन आयोग के आदेश की पालना नहीं की गई। ऐसे में अब आयोग ने जे.डी.सी. के गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं।

सड़कों पर उतरे ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इमरान खान की पार्टी पी.टी.आई. के समर्थक इस्लामाबाद के डी-चौक स्थल की ओर जाने वाले रास्ते में लगाए गए अवरोधों को हटा रहे हैं। 'रेडियो पाकिस्तान' ने बताया कि सोमवार देर रात इस्लामाबाद में श्रीनगर राजमार्ग पर एक वाहन द्वारा टक्कर मारे जाने से पाकिस्तान 'रेंजर्स' के चार अधिकारियों की मौत हो गई।

कनक भवन के मालिकाना हक से जुड़े ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राज्यों के भारत में विलय होने के पश्चात सरकारी संपत्ति बन गई थी। वहीं रामबाग, लिलिपूल और उसके आसपास की संपत्ति ''कोवोनेंट'' (राजस्थान का भारत में विलय होने से जुड़ी संधि) के अनुसार राजपरिवार की संपत्ति है।

कनक भवन के मालिकाना हक के लिये रामशरण गुप्ता व अन्य द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका में सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2017 में आदेश दिये थे कि कनक भवन के मामले में हाईकोर्ट या कोई भी अदालत किसी भी तीसरी पार्टी के आवेदन पर कोई भी मुकदमा नहीं सुनेगा। अदालत ने यह भी कहा कि बार-बार हुए मुकदमों में अदालतें कई बार कह चुकी हैं कि इस संपत्ति के बेचान के लिये अनुबंधन अमान्य है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि रामशरण गुप्ता व अन्य ने वर्ष 2017 में सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले में रिट याचिका भी दायर की थी, जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था और स्वत: संज्ञान लेकर अवमानना याचिका भी शुरू की थी, जिसे तभी वापिस लिया गया, जब इन लोगों ने अदालत से बिना शर्त माफी मांग ली थी। वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट के 2017 के आदेश पर दायर रिव्यु याचिका भी खारिज कर दी गई।

हैरानी की बात है कि सुप्रीम कोर्ट के इतने आदेशों के बावजूद वर्ष 2022 में हाईकोर्ट में आवेदन प्रस्तुत कर कनक भवन के मूल मालिक, ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह के उत्तराधिकारियों को केस में जोड़ने का आग्रह किया गया, जिसे हाईकोर्ट ने 3000 रुपए का विलम्ब शुल्क लगाकर स्वीकार कर लिया। मामले को जानने वाले वकीलों का कहना है कि यह आवेदन रामशरण गुप्ता व अन्य की ओर से इसलिये दायर किये गये, क्योंकि ब्रिगेडियर भवानी सिंह के निधन के बाद यह मामला निष्फल हो गया था।

इस वकील का यह भी कहना था कि आवेदन दायर करने का कारण यह भी था कि राजपरिवार के सदस्यों या राज्य सरकार से किसी तरह का मुआवजा ऐंठा जा सके। महाराज पदमनाभ ने सुप्रीम कोर्ट में एस.एल.पी. हाईकोर्ट द्वारा आवेदन स्वीकार करने के खिलाफ दायर की थी।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908